मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-444
28/08/2023

विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप–2023 के जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने श्री नीरज चोपड़ा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पटना, 28 अगस्त 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप–2023 के जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने पर श्री नीरज चोपड़ा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैवलिन थ्रो में भारत के श्री नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुँचाया है। उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिस पर पूरा देश आज गौरवान्वित है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******